# Doon Valley Officers' Cooperative Housing Society Limited

(Regd. Under Co-operative Societies Act II of 1912, Reg. No. 723 dated 07-06-1966)
Vasant Vihar, Chakrata Road, Dehradun

E-mail- dvochsl2@gmail.com 7668441801


Ref.No:- 3195 /DVOCHSL/AGM/23 Date: 13 .10.2025

## दून वैली ऑफिसर्स कोआपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, के वार्षिक सामान्य निकाय (AGM) की बैठक दिनांक 28 सितम्बर 2025 का कार्यवाही विवरण

दून वैली ऑफिसर्स कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, के वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक दिनांक 28 सितम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे, समिति के सामुदायिक केन्द्र में आहूत की गई। बैठक में कुल 40 सदस्यों में से 30 सदस्य उपस्थित रहे। श्री अतुल कृष्णा लेखा कार्य के सम्बन्ध में विशेष आमन्त्रित के रूप में उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों की सूची **परिशिष्ट–1** में दर्शित है। गणपूर्ति पूर्ण होने पर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सभापति महोदय द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया, तदोपरान्त विगत एक वर्ष में समिति के समस्त दिवंगत सदस्यों एवं सदस्यों के दिवंगत परिवारजनों को श्रद्धांजलि देने व उनकी आत्मा की शान्ति के लिए, समस्त प्रतिनिधियों द्वारा खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरान्त विषय सूची पर निम्नानुसार चर्चा हुई :–

**प्रस्ताव संख्या –1 : दिनांक 29.09.2024 को सम्पन्न वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं लिए गए निर्णयों के कार्यपालन की स्थिति :** दिनांक 29.09.2024 को सम्पन्न वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का कार्यवाही विवरण समिति कार्यालय के पत्रांक. 2391/DVOCHSL/AGM/23 दिनांक 08.10.2024 द्वारा जारी किया गया था। समिति के सचिव द्वारा वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक (AGM) के कार्यवाही विवरण पर पैरावार, की गयी कार्यवाही की जानकारी दी गयी। सचिव द्वारा कार्यवाही विवरण पढ़े जाने एवं कार्यपालन का विवरण देने के पश्चात् सर्वसम्मति से दिनांक 29.09.2024 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या –2 : दिनांक 05 नवम्बर 2024 को सम्पन्न सामान्य निकाय की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं लिए गये निर्णयों के कार्यपालन की स्थिति :** दिनांक 05.11.2024 को सम्पन्न सामान्य निकाय की बैठक का कार्यवाही विवरण समिति कार्यालय के पत्रांक 2546/DVOCHSL/AGM/23 दिनांक 14.11.2024 द्वारा जारी किया गया था। समिति के सचिव द्वारा सामान्य निकाय की बैठक (GBM) के कार्यवाही विवरण पर पैरावार, की गयी कार्यवाही की जानकारी दी गयी। सचिव द्वारा कार्यवाही विवरण पढ़े जाने एवं कार्यपालन का विवरण देने के पश्चात् सर्वसम्मति से दिनांक 05.11.2024 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या –3 : दिनांक 07 दिसम्बर 2024 को सम्पन्न सामान्य निकाय की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं लिए गये निर्णयों के कार्यपालन की स्थिति :** दिनांक 07.12.2024 को सम्पन्न सामान्य निकाय की बैठक का कार्यवाही विवरण समिति कार्यालय के पत्रांक

2602/DVOCHSL/AGM/23 दिनांक 19.12.2024 द्वारा जारी किया गया था। समिति के सचिव द्वारा सामान्य निकाय की बैठक (GBM) के कार्यवाही विवरण पर पैरावार, की गयी कार्यवाही की जानकारी दी गयी। सचिव द्वारा कार्यवाही विवरण पढ़े जाने एवं कार्यपालन का विवरण देने के पश्चात् सर्वसम्मति से दिनांक 07.12.2024 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या –4 : दिनांक 08 मार्च 2025 को सम्पन्न सामान्य निकाय की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं लिए गये निर्णयों के कार्यपालन की स्थिति :** दिनांक 08.03.2025 को सम्पन्न सामान्य निकाय की बैठक का कार्यवाही विवरण समिति कार्यालय के पत्रांक 2747/DVOCHSL/AGM/23 दिनांक 17.03.2025 द्वारा जारी किया गया था। समिति के सचिव द्वारा सामान्य निकाय की बैठक (GBM) के कार्यवाही विवरण पर पैरावार, की गयी कार्यवाही की जानकारी दी गयी। सचिव द्वारा कार्यवाही विवरण पढ़े जाने एवं कार्यपालन का विवरण देने के पश्चात् सर्वसम्मति से दिनांक 08.03.2025 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या –5 : सभापति द्वारा पिछले वर्ष में समिति द्वारा कराये गये मुख्य कार्य–कलापों का संक्षिप्त विवरण :** सभापति द्वारा अपने संबोधन में विगत वर्ष में समिति के आय–व्यय के ब्यौरे तथा समिति द्वारा कराये मुख्य कार्यों एवं चालू कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार दिया गया :–

(i) **2024–25 की आय एवं व्यय** : वर्ष के दौरान कुल आय **रू0 7,71,14,823/–** थी एवं कुल व्यय **रू0 1,86,08,503.56** रहा। इस प्रकार वर्ष के दौरान समिति को कुल रू0**5,85,06,319.44** (पाँच करोड पिच्चासी लाख छः हजार तीन सौ उन्नीस रूपये एवं चवालीस पैसे) का सकल लाभ हुआ।

(ii) **आय के ब्यौरे :**

a) **सोसाईटी मेण्टेनेन्स चार्जेस (SMC)**:- 31.03.2025 की स्थिति में वसूली योग्य SMC की राशि **रू0 10,53,228/–** है। यह राशि **78 सदस्यों** से वसूल की जानी थी। वित्तीय वर्ष 2024–25 में दिनांक 31.08.2025 तक सदस्यों द्वारा विगत वर्ष एवं पूर्व के वर्षों की **रू0 39,43,210/–** SMC राशि जमा की गयी है। दिनांक 31.08.2025 की स्थिति में वसूली योग्य राशि **रू 14,42,933/–** है, जो **156(112) सदस्यों** से वसूल की जानी है।

b) **सोसाईटी डेवलपमेंण्ट चार्जेस (SDC)** :- वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल 08 सौदों से कुल **रू0 2,47,03,751/– (दो करोड़ सैंतालिस लाख तीन हजार सात सौ इक्कावन रूपये)** की राशि प्राप्त हुई है।

चालू वित्तीय वर्ष में 01.04.2025 से 20.09.2025 तक कुल 03 सौदों से कुल **रू0 90,32,320/– (नब्बे लाख बत्तीस हजार तीन सौ बीस रूपये)** की राशि प्राप्त हुई है।

c) **दुकानों का किराया** :- 01.04.2024 से 31.03.2025 तक कुल आय **रू0 2,99,051/–** हुई।

01.04.2025 से 31.08.2025 तक कुल आय **रू0 2,61,149/— हुई है।**

d) <u>**सावधि जमा (फिक्सड डिपौजिट) (FD) तथा बचत खाता (सेविंग खाता) अकाउण्ट से प्राप्त ब्याज राशि**</u> : - वित्तीय वर्ष 2024—25 में कुल **रू0 1,26,85,161/— (एक करोड़ छब्बीस लाख पिच्यासी हजार एक सौ इकसठ रूपये)** (बचत खाता—**रू0 3,32,769/—** FD—**रू0 1,23,52,392/—**) ब्याज के रूप में प्राप्त हुए।

- 31.03.2025 की स्थिति में **रू0 20,47,94,806/—** रूपये की Fixed Deposit राशि थी (With accrued interest)।
- 23.09.2025 की स्थिति में समिति के पास **रू0 25,91,06,500/—** (Fare Value) की 27 Fixed Deposit हैं (Face value)। यह FD - IOB एवं UBI में है।

(iii)<u>**वर्ष 2024—25 में किये गये विकास कार्य**</u> :—

वर्ष 2024—25 के दौरान निम्न विकास कार्य पूर्ण/कराये गये हैं :—

| क्रमांक | कार्य | व्यय राशि | कार्य की स्थिति |
|---|---|---|---|
| i. | समिति की सड़कों के 11 स्थानों पर Interlocking टाईल्स द्वारा मरम्मत का किया गया। | रू0 1,26,449/— | कार्य पूर्ण |
| ii. | समिति की वेस्ट रोड नं0 3 एवं ईस्ट रोड नं0 5 सड़क के किनारे दोनों ओर ईटों के खण्डजों को लगाने का कार्य किया गया। | रू0 2,91,235/— (रू01,20,000/— वर्ष 2023—24) रू0 1,71,235/— वर्ष 2024—25) | कार्य पूर्ण |
| iii. | समिति के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में Interlocking टाईल्स द्वारा वाहन पार्किंग का निर्माण कार्य किया गया। | रू0 2,86,627/— | कार्य पूर्ण |
| iv. | समिति के शॉपिंग कॉम्पलेक्स के सामने चार दीवारी एवं फैंसिंग का कार्य किया गया। | रू0 1,54,391/— | कार्य पूर्ण |
| v. | समिति के पार्क संख्या 04 एवं 06 में सोलर हाई मास्ट लाईट एवं विभिन्न स्थानों पर 16 सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य किया गया। | रू0 6,25,000/— | कार्य पूर्ण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| vi. | फेज–1 में स्थित समिति के हरित कूड़ा डम्प क्षेत्र में कई वर्षों से इक्ट्ठा कूड़े का उठान किया गया। | रू0 8,40,000/– | कार्य पूर्ण |
| vii. | फेज–1 में स्थित समिति के हरित कूड़ा डम्प क्षेत्र में चार दीवारी का निर्माण कार्य किया गया। | रू0 6,86,693/– (रू0 2,00,000/– 2024–25) | कार्य पूर्ण (2025–26) |
| viii. | समिति के पार्क संख्या 03 में वर्षा जल संयन्त्र निर्माण का कार्य किया गया। | रू0 34,810/– | कार्य पूर्ण |
| ix. | समिति क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चार नये CCTV कैमरे स्थापित किये गये। | रू0 35,000/– | कार्य पूर्ण |
| x. | समिति के पार्क संख्या 13 एवं 14 में विद्युतिकरण का कार्य किया गया। | रू0 48,495/– | कार्य पूर्ण |
| xi. | समिति के गेट संख्या 01, 02, 04, 09, 10, 14, 16, 17 एवं 18 पर लोहे का फ्रेम लगाये गये। | रू0 46,728/– | कार्य पूर्ण |
| xii. | समिति के पार्क संख्या 12 में स्थित हरित कूड़ा गड्ढे के चारों ओर लोहे की ग्रिल फैंसिंग लगाने का कार्य किया गया। | रू0 25,960/– | कार्य पूर्ण |
| xiii. | समिति के पार्क संख्या 02 में विद्युतिकरण का कार्य किया गया। | रू0 46,609/– | कार्य पूर्ण |

(iv) **सोसायटी में हरा कचरा (GREEN WASTE) का उठाव** : वर्तमान में समस्त क्षेत्रों में सप्ताह में न्यूनतम दो बार हरा कचरा उठाने की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू की गई है। इसके लिए वर्तमान में दो गाड़ियां लगाई गई हैं।

(v) **समिति क्षेत्र में सफाई** : समिति क्षेत्र में समस्त पार्क एवं सड़कों की नियमित सफाई सप्ताह में तीन बार करने की व्यवस्था लागू की गई है। सड़कों के किनारे, रिक्त प्लॉट तथा उद्यानों में घास की कटाई नियमित रूप से की जा रही है। सफाई कर्मियों के मोबाइल नम्बर सभी रहवासियों को दिये गये हैं।

(vi) **पार्कों में आवक को नियन्त्रित करना** : सोसायटी में विकसित 14 पार्कों में अवांछित तत्वों को रोकने हेतू समस्त पार्कों में खुलने एवं बन्द करने का समय निम्नानुसार निर्धारित किया गया :–

01 अप्रेल से 30 सितम्बर माह तक : प्रातः 0500h से 0900h
सांय 1700h से 2000h

01 अक्तूबर से 31 मार्च माह तक : प्रातः 0600h से 1000h
सांय 1600h से 1900h

(vii) **न्यायालयीन प्रकरण** : विगत वर्ष सितम्बर माह में 12 कोर्ट केसज लम्बित थे। (SC-1, High Court-5 & Lower Court-6)

आज की स्थिति में कुल 14 (SC-1, High Court-5 & Lower Court-8) प्रकरण विभिन्न न्यायालयों में लंबित है।

(viii) **समिति क्षेत्र में नई सुरक्षा योजना का क्रियान्वयन** : सितम्बर 2022 की वार्षिक सामान्य सभा द्वारा स्वीकृत सोसायटी की सुरक्षा योजना को 05 जुलाई 2023 से प्रारंभ किया गया था। सुरक्षा योजना के अर्न्तगत अब तक निम्न कार्य किए गये हैं :–

a) **सी.सी.टी.वी. व्यवस्था की स्थापना :–**

(अ) FRI से काली मंदिर मुख्य मार्ग, कांवली रोड, लवली मार्केट, हरबंशवाला चौक, काली मंदिर, कड़वापानी रोड एवं वेस्ट रोड नं0–5 पर कुल 64 CCTV कैमरा स्थापित किये गये हैं। जिनकी स्थान निम्नवत है :–

| | | |
|---|---|---|
| i. | FRI से काली मंदिर मुख्य मार्ग | 18 CCTV कैमरा स्थापित |
| ii. | ईस्ट रोड नं0–03 | 01 CCTV कैमरा स्थापित |
| iii. | मन्दिर मार्ग रोड | 04 CCTV कैमरा स्थापित |
| iv. | सेठी मार्केट से पण्डितवाडी मार्ग पर | 15 CCTV कैमरा स्थापित |
| v. | कडवापानी मार्ग (सेठी मार्केट से काली मन्दिर तक) | 07 CCTV कैमरा स्थापित |
| vi. | हरबन्स वाला मार्ग (लवली मार्केट से काली मन्दिर तक) | 13 CCTV कैमरा स्थापित |
| vii. | वेस्ट रोड नं0–05 | 04 CCTV कैमरा स्थापित |
| viii. | CCTV कन्ट्रोल रूम | 01 CCTV कैमरा स्थापित |
| ix. | ईस्ट रोड़ नं0–07 | 01 CCTV कैमरा स्थापित |

(ब) सोसायटी कार्यालय में CCTV कैमरों के पर्यवेक्षण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जो 24 घंटे कार्य कर रहा है।

(स) समिति क्षेत्र में वर्तमान समय तक स्थापित किये गये 64 CCTV कैमरों की स्थापना में कुल रू0 18,76,338/— की लागत आयी है।

b) त्रिशूल सिक्योरिटी सर्विसेज का अनुबन्ध दिसम्बर 2024 में समाप्त होने के बाद नई निविदा की गयी, जिसमें न्यूनतम निविदाकार Alliance Security Services से विधिवत अनुबंध किया गया है। रात को 1 सुपरवाईजर तथा 20 गार्ड कार्य कर रहे हैं। दिन में एक सुपरवाईजर तथा 5 गार्ड कार्यरत है। सभी सुरक्षा गार्ड के मोबाईल नम्बर आप सब को WhatsApp पर दिए गये हैं।

c) रात्रि में सायं 10:00 से प्रातः 5:30 बजे तक FRI तिराहे एवं काली मन्दिर की ओर से समस्त भारी वाहन, बसों आदि की आवाजाही पूर्णतः रोक दी गई है।

d) सोसायटी के बाहरी गेटों के साथ लगे चकरी गेट को रात्रि 10.00 बजे से सुबह 06.00 बजे तक बन्द रखा जा रहा है। **(गेट क्रमांक 8, 9, 10 एवं 15 सुबह 7:00 बजे तक बन्द रखे जा रहे हैं)** फलस्वरूप सोसायटी क्षेत्र में अवांछित व्यक्तियों की आवक में कमी आई है।

e) West road-03 में स्थापित बेरियर, West road–05 में स्थापित 2 बेरियर, East road–05 में स्थापित बेरियर, गेट क्रमांक 3, 5, 6, 7, 19 एवं 20 को रात्रि 10:00 से 5:00 बजे तक बन्द रखा जा रहा है। इस दौरान वाहनों की जाँच कर Entry दी जा रही है।

f) 08 गार्डों द्वारा लवली मार्केट–हरवंश वाला – कालीमन्दिर – कड़वापानी रोड, कांवली रोड एवं FRI – काली मन्दिर मुख्य मार्ग, वेस्ट रोड नं0–03, वेस्ट नं0–05 एवं ईस्ट रोड़ नं0–05 पर रात्रि में निरन्तर गश्त की जाती है।

g) सदस्यों के वाहनों के लिए वाहन पास (Sticker) तैयार किए गये हैं। अब तक 210 सदस्यों द्वारा कुल 398 वाहन पास प्राप्त कर लिये गये हैं। सदस्यों को वाहन पास प्राप्त करने के लिए कई बार सूचना दी गई है।

समिति क्षेत्र के गेट क्रमांक 09, 10, 13, 14, 15, 16, 17 एवं 18 में गेट से लगी दीवार का सुरक्षा की दृष्टि से सुदृढ़ीकरण किया गया है।

(ix) **<u>FOGGING :</u>** डेंगू के मच्छरों से बचाव के लिये नगर निगम द्वारा किये गये प्रयास अपर्याप्त होने के कारण वर्ष 2023 एक 2024 में समिति क्षेत्र में Fogging का कार्य कराया गया था। वर्ष 2025 में भी Fogging का कार्य कराने का निर्णय लिया गया। अगस्त माह में पहली Fogging का कार्य दिनांक 19.08.2025 को फेज–1, दिनांक 20.08.2025 को फेज–2 में किया गया। सितम्बर माह में दूसरी बार Fogging का कार्य दिनांक 05.09.2025

फेज–1, दिनांक 06.09.2025 फेज–2 में किया गया एवं तीसरी Fogging का कार्य दिनांक 20.09.2025 एवं 21.09.2025 सितम्बर को कराया गया है।

(x) **प्लॉट क्रमांक 117/1 एवं 182/1 की लीज :**

a) नीलाम दिनांक 24.02.2024 में प्लॉट क्रमांक 117/1 के लिए प्राप्त बोली के आधार पर, इस प्लॉट की लीज डॉ0 तेजिन्द्र सिंह को रू0 5,89,00,000/– के लीज रेन्ट पर आवंटित कर उन्हें सदस्य बनाकर लीज डीड निष्पादित की गई है।

b) नीलाम दिनांक 12.06.2025 में प्लॉट क्रमांक 182/1 के लीज रेन्ट के निर्धारण हेतु मेजर (डॉ0) रमेश शर्मा (से0नि0) द्वारा अधिकतम बोली रू0 8,20,00,000/– की दी गई। स्वीकृति उपरान्त मेजर (डॉ0) रमेश शर्मा (से0नि0) द्वारा लीज रेन्ट की पूर्ण राशि रू0 8,20,00,000/– (आठ करोड बीस लाख रूपये) का भुगतान कर दिया गया है। लीज डीड निकट भविष्य में निष्पादित की जायेगी।

(xi) **बन्जर भूमि :** बन्जर भूमि के उपलब्ध कुल 7.34 बीघा (6766 वर्ग गज) भूमि का प्रथम चरण Layout तैयार किया गया है जिसमें 12 प्लॉट प्रस्तावित हैं। (साईज 418.25 वर्ग गज से साईज 508.30 वर्ग गज) प्रस्तावित हैं।

श्री नीतीश मणी त्रिपाठी (प्लॉट संख्या 126/2) द्वारा न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 475/2025 में भूखण्डों के विक्रय पर न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त किया गया। इसके कारण आगे की कार्यवाही रूकी है।

(xii) **DVOCHSL की उपविधियों (BYE-LAWS) का संशोधन :** समिति के सामान्य निकाय द्वारा उपविधियों में संशोधन के प्रस्ताव के अनुमोदन उपरान्त इन्हें पंजीयक सहकारी समितियाँ उत्तराखण्ड को अनुमोदन हेतु समिति पत्रांक 2728/DVOCHSL/BYE-LAWS/18 दिनांक 04.03.2025 को भेजा गया। निबन्धक के निर्देश पत्रांक 13669–70/निबन्धक/आवास संशोधन/2024–25 दिनांक 17.03.2025 के पालन में उपविधियों के अनुमोदन का प्रस्ताव जिला सहायक निबन्धक सहकारी समितियाँ उत्तराखण्ड को समिति पत्रांक 2762/DVOCHSL/BYE-LAWS/18 दिनांक 24.03.2025 द्वारा भेजा गया। उपविधियों में संशोधन के प्रस्ताव के शीघ्र अनुमोदन हेतु तीन (03) स्मरण पत्र भेजे गये हैं।

(xiii) **नामांकन** : समिति की उपविधि–11 के तहत 100 सदस्यों द्वारा अभी तक नामांकन नहीं किया गया है। इन सभी सदस्यों को नामांकन शीघ्र करने हेतु निवेदन किया गया है।

(xiv) **समिति के नये सदस्य** : वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान निम्नानुसार नये सदस्य बनाये गये:–

a) सदस्यों की मृत्यु के फलस्वरूप उनके द्वारा नामांकित 31 व्यक्तियों को प्रबन्ध समिति के अनुमोदन उपरान्त नया सदस्य बनाया गया।

b) ग्यारह (11) सदस्यों को, उनके भूखंड की लीज हस्तान्तरण हेतु, समिति की सदस्यता की पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को, लीज हस्तान्तरण की विधिवत अनुमति दी गयी। फलस्वरूप 11 नये सदस्य बनाये गये।

उपरोक्त नये सदस्यों बाबत् सूचना समिति के न्यूज लेटर द्वारा समय–समय पर, सभी सदस्यों को दी गयी है।

**प्रस्ताव संख्या–6 : वर्ष 2024–25 की बैलेंस शीट पर ऑडिट रिपोर्ट के साथ चर्चा :**

वर्ष 2024–25 के लेखों का इन्टर्नल ऑडिट **मै0 भानु प्रताप खन्ना एण्ड कम्पनी** द्वारा किया गया तथा इन लेखों का इण्डिपेण्डेण्ट ऑडिट **मै0 पी0 एस0 सेठी एण्ड कम्पनी** द्वारा किया गया। समस्त सदस्यों को ऑडिट रिर्पोट एवं बैलेंस शीट पूर्व में ही उपलब्ध करायी गयी थी। सभापति द्वारा वर्ष 2024–25 की बैलेंस शीट के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया एवं ऑडिट की आपत्तियों पर वर्तमान स्थिति एवं प्रबंधन समिति के उत्तर की जानकारी दी गई। यह बताया गया कि वर्ष 20234–25 में समिति को रू0 **5,85,06,319.44** (पाँच करोड पिच्वासी लाख छः हजार तीन सौ उन्नीस रूपये एवं चवालीस पैसे) का सकल लाभ हुआ। लाभ की राशि रक्षित निधि में जोडी गयी है। लाभ की राशि से धमार्थ प्रयोजन निधि में रू0 1,00,000/– एवं बोनस निधि में रू0 1,20,000/– की राशि अन्तरित की गयी है।

ऑडिट द्वारा उठायी गयी तीन आपत्तियों के सम्बन्ध में निम्नानुसार जानकारी दी गयीः–

(i) (सामान्यतः Payment Vouchers के साथ Supporting Vouchers लगाये जाते हैं। भविष्य में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक भुगतान वाऊचर के साथ सहायक वाऊचर अनिवार्य रूप से लगाये जायें।

(ii) कर्मचारियों के कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) तथा कर्मचारी राज्य बीमा (ESI) के लेखे खोले जाने बाबत् कार्यवाही अगले तीन (03) माह में पूर्ण की जायेगी।

(iii) वर्तमान में Order Sheet / कार्यालयीन नोट शीट में भी बैंकों के सावधि जमा (FD) के विभिन्न बैंकों द्वारा दी जा रही तुलनात्मक ब्याज दरों को दर्शाया जा रहा है।

**विस्तृत चर्चा उपरान्त विगत वर्ष 2024–25 की बैलेंस शीट एवं ऑडिट रिपोर्ट के अनुमोदन का प्रस्ताव सभापति धीरेन्द्र शर्मा द्वारा रखा गया, जिसका अनुमोदन डॉ0 एस0सी0 देवरानी एवं उपस्थित अन्य सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से किया गया।**

प्रस्ताव संख्या–7 : वित्तीय वर्ष 2024–25 के शुद्ध लाभ का निस्तारण : सभापति द्वारा समिति की उपविधि–66 के अनुरूप, वित्तीय वर्ष 2024–25 के शुद्ध लाभ रूपये 5,85,06,319.44/– का निम्नानुसार निस्तारण का प्रस्ताव किया गया :–

(i) रक्षित निधि (Security Deposit) :– इस मद में रू0 5,82,86,319.44/– संक्रमित करने का प्रस्ताव है।

(ii) <u>भवन विकास निधि</u> :– इस मद में कोई राशि संक्रमित करने का प्रस्ताव नहीं है।

(iii) <u>सहकारी शिक्षा निधि</u> :– इस मद में कोई राशि संक्रमित किया जाना प्रस्तावित नहीं है।

(iv) <u>सदस्यों को लाभांश</u> :– सभी सदस्यों को उनकी दत्त अंशपूंजी पर 20% की दर से लाभांश (dividend) दिया जाना प्रस्तावित है। लाभांश की कुल राशि रू0 39,240=00 प्रस्तावित है। प्रत्येक सदस्य को उनकी 300/– रूपये की अंशपूंजी पर 60/– का लाभांश प्राप्त होगा।

(v) <u>घर्मार्थ प्रयोजन निधि</u> :– इन निधि में रू0 1,00,000/– (एक लाख) की राशि संक्रमित की जाना प्रस्तावित है।

(vi) <u>अशोध्य ऋण निधि</u> :– आवश्यकता नहीं होने के कारण इस मद में कोई राशि संक्रमित की जाना प्रस्तावित नहीं है।

(vii)<u>बोनस निधि</u> :– इस मद में रू0 1,20,000/– की राशि संक्रमित की जाना प्रस्तावित है।

**वर्ष 2024–25 के शुद्ध लाभ के निस्तारण के उपरोक्तानुसार प्रस्ताव को सभापति द्वारा अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। सामान्य निकाय द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। सामान्य निकाय द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि लाभांश (Dividend) की राशि, सदस्यों द्वारा देय SMC की राशि के विरूद्ध समायोजित की जायेगी।**

<u>प्रस्ताव क्रमांक –8 : प्रबन्ध कमेटी द्वारा तैयार वित्तीय वर्ष 2025–26 के पुनरीक्षित बजट तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रस्तावित बजट पर चर्चा एवं स्वीकृति</u> : सामान्य निकाय के समस्त सदस्यों को वर्ष 2025–26 के पुनरीक्षित बजट तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रस्तावित बजट प्रस्ताव पूर्व में ही उपलब्ध कराये गये थे। सभापति द्वारा वर्ष 2025–26 में स्वीकृत/प्रस्तावित कार्यों एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्रस्तावित कार्यों का विस्तृत विवरण दिया गया। बजट प्रस्तावों में समस्त प्रतिनिधियों (Delegates) द्वारा दिए गये प्रस्तावों को शामिल किया गया है। बजट प्रस्ताव में निम्न मुख्य प्रस्ताव हैं :–

(i) वर्ष 2025–26 में आय के लिये अनुमोदित कुल बजट रू0 10,89,58,000/– (रूपये दस करोड नवासी लाख अट्ठावन हजार) के विरूद्ध रू0 11,99,11,000/– (रूपये ग्यारह करोड निन्यानवे लाख ग्यारह हजार) का पुनरीक्षित बजट प्रस्तावित किया गया। आगामी वर्ष 2026–27 के लिये रू0 8,86,54,000/– (रूपये आठ करोड छियासी लाख चौवन हजार) की आय प्रस्तावित की गयी है।

(ii) वर्ष 2025–26 में व्यय के लिये अनुमोदित कुल बजट रू0 4,33,26,000/– (रूपये चार करोड तैंतीस लाख छब्बीस हजार) के विरूद्ध रू0 5,26,96,000/– (रूपये पाँच करोड छब्बीस लाख छियानब्बे हजार) का पुनरीक्षित बजट प्रस्तावित किया गया है। पुनरीक्षित बजट में मुख्य वृद्धि भूखण्ड क्रमांक 182/1 के खुले नीलाम में प्राप्त दर के आधार पर निर्धारित लीज रेंट (Lease Rent) से प्राप्त आय पर सम्भावित देय आयकर के लिये किये गये प्रावधान, धरोहर राशि (EMD) राशि की वापसी के लिए प्रावधान एवं सुरक्षा योजना (Security Scheme) मद में व्यय में वृद्धि के कारण है। आगामी वर्ष 2026–27 के लिये रू0 5,84,80,000/– (रूपये पाँच करोड चौरासी लाख अस्सी हजार) का बजट प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। वर्ष 2026–27 में सोसायटी के अन्दुरूनी मार्गों पर CCTV की स्थापना, बन्जर भूमि में रोड़ के निर्माण, समिति कार्यालय एवं सामुदायिक केन्द्र के लिये नये भवन के निर्माण के लिये आंशिक राशि का प्रावधान किया गया है।

**बजट पर चर्चा के दौरान सदस्यों द्वारा निम्न सुझाव दिये गये :–**

(i) नया कार्य प्रारम्भ करने के समय क्षेत्र के प्रतिनिधि (Delegate) को सूचना दी जाये।

(ii) पार्कों का सौन्दर्यीकरण किया जाये।

(iii) सोसायटी क्षेत्र में वर्षाजल की निकासी हेतु Drainage व्यवस्था विकसित की जाये।

**चर्चा उपरान्त वित्तीय वर्ष 2025–26 के पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2026–27 के बजट प्रस्तावों के अनुमोदन का प्रस्ताव सभापति श्री धीरेन्द्र शर्मा द्वारा रखा गया। प्रस्ताव का ले0 कर्नल एल0के0 पुरोहित (से0नि0), श्री पी0के0 शर्मा, श्री अरविन्द अलिपुरिया, श्री सुरेन्द्र मोहन बडथ्वाल एवं उपस्थित अन्य सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन करने पर प्रस्ताव पारित हुआ।**

**<u>प्रस्ताव क्रमांक –9 : वसन्त विहार क्लब के सम्बन्ध में :</u>**

**(i) वसन्त विहार क्लब के प्रशासनिक विषयों पर अनुशंसा देने हेतु स्क्वा0 लीडर ए0एस0 बैंस (से0नि0) की अक्ष्यक्षता में गठित उप समिति के प्रतिवेदन पर चर्चा एवं निर्णय।**

बैठक में स्क्वा0 लीडर ए0एस0 बैंस (से0नि0) की अध्यक्षता में गठित उपसमिति के प्रतिवेदन पर चर्चा की गयी। समिति के सदस्यों को प्रतिवेदन के लिए धन्यवाद् दिया गया। विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि वसन्त विहार क्लब को सोसायटी में विलय के सम्बन्ध में विभिन्न पहलुओं, विशेष कर विधिक

पहलू पर, वसन्त विहार के वर्तमान कार्यकारिणी सदस्यों के साथ चर्चा कर सुझाव देने के लिए निम्न सदस्यों की समिति गठित की जाये :–

(1) श्री अजय कुमार लाल (उप–सभापति) – संयोजक
(2) श्री सुशील नौटियाल – सदस्य
(3) श्री सुरेन्द्र मोहन बड़थ्वाल – सदस्य
(4) श्री टी0आर0 अरोड़ा – सदस्य
(5) श्री आर0पी0 गौतम – सदस्य

गठित की गयी उपसमिति अपना प्रतिवेदन 15 दिनों के अन्तर्गत प्रस्तुत करेगी।

**(ii) DVOCHSL समिति के सामुदायिक केन्द्र के प्रस्तावित भवन के लिए कमाण्डर रवि शंकर जुयाल (से0नि0) की अध्यक्षता में गठित उप समिति के प्रतिवेदन पर चर्चा एवं निर्णय।**

बैठक में कमाण्डर रवि शंकर जुयाल (से0नि0) की अध्यक्षता में गठित उपसमिति के प्रतिवेदन पर चर्चा की गयी। समिति के सदस्यों को प्रतिवेदन के लिए धन्यवाद् दिया गया।

चर्चा के दौरान उठाये गये विषयों पर निम्न निर्णय लिये गये :–

(1) सामुदायिक भवन निर्माण के दिये गये प्रस्ताव को दो चरणों में क्रियान्वित किया जाये।

(2) प्रथम चरण में प्राथमिकता ऐसे निर्माण को दी जाये जो कि अधिकांश सदस्यों से सम्बन्धित हो एवं जिसका अधिकतम उपयोग हो।

(3) नये भवन का निर्माण पुराने सामुदायिक भवन के स्थान पर किया जाये।

(4) भवन निर्माण कार्य के प्रथम चरण का नक्शा बनाने, उसको सामान्य निकाय के सम्मुख प्रस्तुतीकरण, नक्शे को MDDA से अनुमोदित कराने, निर्माण कार्य के लिए निविदा आमन्त्रित करने एवं भवन निर्माण कार्य के पर्यवेक्षण हेतु एक

उपसमिति गठित की जाये। इस उपसमिति में, DVOCHSL के ऐसे सदस्यों को शामिल किया जाये जो कि उपरोक्त कार्य में अपना सहयोग देने के लिए स्वेच्छा से अपना नाम दें।

(5) भवन में ऊर्जा आपूर्ति सोलर ऊर्जा से की जाये। सामुदायिक भवन एवं शेष क्षेत्र में वर्षा जल संचयन का प्रावधान रखा जाये।

**प्रस्ताव क्रमांक –10 : बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा निम्न अन्य विषय उठाये गये :**

(i) समिति क्षेत्र में व्यवसायिक वाहनों एवं बाहरी वाहनों की पार्किंग पर नियन्त्रण।

(ii) समिति क्षेत्र में वर्षा जल की निकासी हेतु एकीकृत योजना बनाने ।

(iii) कार्यालय भवन के नक्शे पर प्रस्तुतीकरण।

(iv) खाली भूखण्डों के सम्बन्ध में।

(v) कल्याणकारी कार्य हेतु विशेष रूप से स्वास्थ्य सम्बन्धी विषय पर चर्चा।

यह निर्णय लिया गया कि इन विषयों पर चर्चा हेतु एक माह उपरान्त सामान्य निकाय की बैठक बुलायी जाये।

अन्त में सभापति द्वारा समस्त सदस्यों को बैठक में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया गया। तदोपरान्त बैठक समाप्त हुई।

सचिव

सभापति

# दिनांक: 28 सितम्बर 2025 को आहुत सामान्य निकाय की बैठक (AGM) समय प्रातः 10:00 बजे की उपस्थिति।

| S.No. | Name of Delegate | Ward No. | Plot /House No. | Mob. No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Shri Dhirendra Sharma | 08 | 257/2 | 9425240116 |
| 2. | Shri Ajay Kumar Lal | 07 | 260/2 | 9418020350 |
| 3. | Dr. Suresh Chandra Deorani | 01 | 42/1 | 9012960606 |
| 4. | Shri. Rajiv Dhar Jayal | 04 | 261/1 | 9837827055 |
| 5. | Lt Col L. K. Purohit (Retd) | 02 | 25/2 | 9458911393 |
| 6. | Sqn Ldr A. S. Bains (Retd) | 06 | 50/2 | 9760090710 |
| 7. | Shri M. S. Garbayal | 07 | 272-C/2 | 9412976616 |
| 8. | Smt Sunita Agrawal | 03 | 158/1 | 9411106450 |
| 9. | Smt Neena Grewal | 07 | 197/2 | 9412084346 |
| 10. | Shri Sushil Nautiyal | 04 | 227/1 | 9410707245 |
| 11. | Shri S. N. Bhatt | 01 | 105/1 | 9412051134 |
| 12. | Shri. Pradeep Kumar Malik | 04 | 219/1 | 9412998113 |
| 13. | Shri C.M.S. Bisht | 03 | 292/1 | 9760211044 |
| 14. | Lt. Col. R. K. Purohit (Retd) | 01 | 17/1 | 9810145997 |
| 15. | Maj (Dr.) Rajesh Mittal (Retd) | 03 | 147/1 | 8373947757 |
| 16. | Shri R. B. S. Rawat | 02 | 188/1 | 9412051550 |
| 17. | Capt. M. G. Singh (Retd) | 03 | 141/1 | 9897701691 |
| 18. | Shri Vicky Rawat | 01 | 285/1 | 9412056572 |
| 19. | Shri Vivek Nautiyal | 02 | 67/1 | 9897867196 |
| 20. | Col. Mukul Singhal (Retd) | 03 | 169/1 | 8076501807 |
| 21. | Shri Surendra Mohan Barthwal | 01 | 27/1 | 9411364415 |
| 22. | Dr. M. N. Jha | 05 | 11/2 | 9412055048 |
| 23. | Shri P. K. Sharma | 02 | 170/2 | 9412437126 |
| 24. | Shri A. K. Girdhar | 05 | 14/2 | 9760048950 |
| 25. | Shri D. N. Semwal | 08 | 227/2 | 9411703918 |
| 26. | Shri A. K. Alipooria | 08 | 235/2 | 9418008421 |
| 27. | Lt. Col. P. S. Bisht, VSM (Retd) | 06 | 181/2 | 9927724462 |
| 28. | Shri Sanjay Jain | 08 | 310/2 | 9410396030 |
| 29. | Shri R. P. Guatam | 06 | 93/2 | 9997301950 |
| 30. | Shri T. R .Arora | 05 | 137/2 | 9719149666 |

Secretary
Doon Valley Officer Coop
Housing Society Ltd Dehradun